हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 7 फरवरी 2026

06 शादी का जश्न, हाईवे पर टशनः मैरिज गार्डनों की...



07 केंद्रीय बजट विकसित भारत की दिशा में काफी...






## खबर संक्षेप

### निशुल्क चिकित्सा शिविर 9 फरवरी को

**सीहोर।** सीहोर के गंगा आश्रम स्थित आयुष विंग एवं स्पेशलाइज्ड पंचकर्म थेरेपी सेंटर पर 9 फरवरी को प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। जिला आयुष अधिकारी डॉ नरेंद्र लोधी ने बताया कि शिविर में अर्थ (बवासीर), भगन्दर (फिस्टुला), परिकर्तिका (फिशर एवं अन्य गुदगत रोगों का अनुभवी एवं विशेषज्ञ आयुर्वेद चिकित्सकों द्वारा परीक्षण कर क्षारसूत्र पद्धति से निःशुल्क उपचार किया जाएगा। इसके साथ ही औषधियां भी प्रदान की जाएंगी।

### ड्रोन स्क्वाड से होगी वन और वन्य जीवों की निगरानी

**सीहोर।** वन एवं वन्यजीवों की प्रभावी निगरानी और संरक्षण को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य सेधार वनमंडलद्वारा एक विशेषड्रोन स्क्वाड का गठन किया गया है। आधुनिक तकनीक से लैस यह पहल वन प्रबंधन और आपात परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई को सक्षम बनाएगी। ड्रोन स्क्वाड में दो उन्नत ड्रोन, पर्याप्त बैटरी बैकअप और आपात स्थितियों में टीम की त्वरित तैनाती के लिए एक समर्पित वाहन शामिल है। टीम का नेतृत्व उप वनपाल स्तर के अधिकारी को सौंपा गया है। इसमें दो वन रक्षक और एक प्रशिक्षित ड्रोन ऑपरेटर की तैनाती भी की गई है। यह ड्रोन स्क्वाड वनाग्नि की समय पर पहचान एवं निगरानी, मानव–वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं पर नजर रखने, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तथा वानिकी कार्यों के प्रभावी दस्तावेजीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस पहल से वन एवं वन्यजीव संरक्षण की प्रक्रिया अधिक सक्षम बनेगी, साथ ही वन प्रबंधन प्रणाली में पारदर्शिता भी बढ़ेगी।

### सुबह के समय बाल विहार मैदान रोड पर लग रहा जाम

**सीहोर।** बाल विहार मैदान के पास वाली सड़क पर हर सुबह जाम लगने लगा है। मजदूर वर्ग के लोग यहां सुबह जमा होते हैं। निर्माण कार्यों के लिए लोग इन्हें लेने आते हैं। मजदूरी तय करने का काम सड़क पर ही होता है। इससे रास्ता बंद हो जाता है। वाहन चालकों को निकलना मुश्किल हो जाता है। लोग बाइक और चार पहिया वाहन भी सड़क पर खड़े कर देते हैं। इससे जाम और बढ़ जाता है। यातायात पुलिस ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। नमक चौराहा और बाजार के अन्य हिस्सों में भी यही हाल है। लोग दोपहिया वाहन बेतरतीब खड़े कर देते हैं। इससे हर दिन जाम लगता है। शहर में पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। कई बार लोगों ने पार्किंग स्थल की मांग की। लेकिन अब तक कोई काम नहीं हुआ। बाजार में सड़क पर वाहन खड़े रहने से जाम की स्थिति बनती है।

# रुद्राक्ष महोत्सव : दो दिन की चेतावनी के बाद भी नहीं हटे दुकानदार तो पुलिस बल ने संभाला मोर्चा, की कार्रवाई

### कुबेरेश्वर धाम में प्रशासन का 'बुलडोजर' एक्शन, सड़क घेरी तो सामान जब्त

**सीहोर।** कुबेरेश्वर धाम में 14 फरवरी से शुरू होने वाले भव्य रुद्राक्ष महोत्सव को लेकर जिला प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। शुक्रवार को चितावलिया हेमा स्थित धाम परिसर और उसके पहुंच मार्गों पर प्रशासन ने भारी पुलिस बल के साथ बड़ी अतिक्रमण मुहिम चलाई। यह कार्रवाई उन दुकानदारों के खिलाफ की गई जिन्होंने प्रशासन की चेतावनी को नजरअंदाज कर अपनी दुकानें और सामान सडक़ तक फैला रखा था।

पुलिस प्रशासन ने दो दिन पहले ही मुनादी करवाकर दुकानदारों को सडक़ खाली करने की हिदायत दी थी। बावजूद इसके कई दुकानदारों ने आधी सडक़ तक कब्जा कर रखा था, जिससे श्रद्धालुओं के पैदल चलने और वाहनों के निकलने में गंभीर



फाइल फोटो

समस्या हो रही थी। शुक्रवार को जैसे ही एसडीएम, तहसीलदार और मंडी थाना प्रभारी की टीम पुलिस बल के साथ पहुंची, वहां हड़कंप मच गया। प्रशासन ने बिना देर किए सड़क पर रखे सामान को जब्त करना शुरू कर दिया। अधिकारियों ने साफ लहजे में कहा कि श्रद्धालुओं की राह में जो भी दुकान आएगी, उसे हटा दिया जाएगा।

#### पुराने आयोजनों से सबक

बता दें प्रशासन की इस सख्ती का बड़ा कारण पिछले वर्षों के अनुभव है। बीते साल आयोजन के दौरान मची भगदड़ और अव्यवस्था के चलते करीब आधा दर्जन श्रद्धालुओं ने अपनी जान गवां दी थी। प्रशासन इस बार कोई जोखिम नहीं लेना चाहता।

#### इन व्यवस्थाओं पर विशेष फोकस

सडक़ चौड़ी रखने की कवायदः लाखों की भीड़ में सडक़ पर एक इंच का अतिक्रमण भी भगदड़ का कारण बन सकता है, इसलिए पूरे मार्ग को क्लियर किया जा रहा है।

दोबारा कब्जा किया तो जेलः पुलिस ने चेतावनी दी है कि यदि सामान हटाने के बाद दोबारा सडक़ घेरी गई तो दुकानदारों पर एफआईआर दर्ज की जाएगी।

#### दो दिन पहले होगी मॉक ड्रिल

कलेक्टर बालागुरु के. ने व्यवस्थाओं को पुख्ता करने के लिए दो दिन पहले मॉक ड्रिल के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही हाईवे पर जाम रोकने के लिए पार्किंग को दुरुस्त किया जा रहा है और सुरक्षा के मद्देनजर रुद्राक्ष वितरण पर पहले ही रोक लगा दी गई है।

### गलत समय के चुनाव से बढ़ी मुश्किलें, हादसे का इंतजार कर रहा विभाग

# कंपनी की लापरवाहीः जान जोखिम में डालकर काम कर रहे कर्मचारी

सड़क पर झूल रहे बिजली के तार, बिना सुरक्षा उपकरणों और बैरिकेडिंग के चल रहा मेंटेनेंस का काम, किसान और राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के व्यस्ततम कृषि उपज मंडी क्षेत्र में बिजली वितरण कंपनी द्वारा किए जा रहे रखरखाव मेंटेनेंस व नए फीडर के तहत कार्य में भारी लापरवाही सामने आई है। यहां सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर काम किया जा रहा है, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। सडक़ पर बिजली के तार झूल रहे हैं, लेकिन न तो रास्ता बंद किया गया है और न ही सुरक्षा के लिए कोई बैरिकेडिंग की गई है।

बता दें मंडी क्षेत्र में चल रहे इस काम के दौरान ठेकेदार की बड़ी मनमानी देखने को मिल रही है। खंभों पर काम कर रहे कर्मचारियों के पास न तो हेलमेट है और न ही दस्ताने। लोगों ने जब इस स्थिति पर सवाल उठाए और मौके पर मौजूद सुपरवाइजर से बात की तो चौंकाने वाला जवाब मिला। सुपरवाइजर का कहना है कि ठेकेदार द्वारा उन्हें कोई भी सुरक्षा उपकरण या बैरिकेडिंग उपलब्ध नहीं कराई गई है। ऐसे में कर्मचारी अपनी जान हथेली पर रखकर काम करने



को मजबूर हैं।

#### लापरवाही का आलम

लापरवाही का आलम यह है कि बिजली कंपनी ने इस मेंटेनेंस कार्य के लिए किसी छुट्टी के दिन के बजाय कामकाज का दिन चुना। वर्किंग डे होने के कारण मंडी में अपनी उपज लेकर बड़ी संख्या में किसान पहुंचे थे। सडक़ पर यहां-वहां फैले बिजली के तारों की वजह से किसानों को अपने वाहन निकालने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। साथ ही मंडी क्षेत्र की बिजली गुल रहने से कामकाज भी पूरी तरह प्रभावित रहा।

#### आवश्यक कदम उठाए जाएंगे

सडक़ तक लटकते तारों की वजह से पैदल चलने वालों और वाहन चालकों के लिए स्थिति बेहद डरावनी बनी हुई है। बिना किसी चेतावनी बोर्ड या रुकावट के चल रहे इस काम से राहगीर सहमे हुए हैं। हालांकि बिजली कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि उन्हें इस मामले की जानकारी मिल गई है और जल्द ही आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। अब सवाल यह उठता है कि क्या विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।

## अगले कुछ दिन लुढ़केगा परा : मौसम विभाग ने घने कोहरे की संभावना जताई, ठंडी हवा चलने से बढ़ी ठिठुरन

**सीहोर।** जिले में फरवरी के पहले सप्ताह में मौसम के दो अलग-अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। जहां सीहोर नगर में कोहरा नहीं छाया, वहीं ग्रामीण क्षेत्र घने कोहरा छाया रहा। जिले का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो बीते 24 घंटों में एक डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्शाता है। कल यह 11 डिग्री सेल्सियस था। जिला मुख्यालय और आसपास के क्षेत्रों में आज कोहरा नहीं छाया।

मौसम विभाग ने आगामी दिनों में तापमान में और गिरावट तथा घना कोहरा छाने का अनुमान जताया है। फरवरी माह के पहले सप्ताह में एक बार फिर ठंडी हवाओं का असर देखा जा रहा है। शुक्रवार को भी न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस पर था। सुबह सीहोर जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में हल्का कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता प्रभावित हुई।

**जिला फिर ठंडी हवा की चपेट में:** गौरतलब है कि दिसंबर माह में न्यूनतम तापमान लगातार 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ था, जबकि जनवरी में इसमें उतार-चढ़ाव देखा गया। फरवरी की शुरुआत के साथ ही सीहोर जिला एक बार फिर ठंडी हवा की चपेट में आ गया है। शासकीय कृषि कॉलेज स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ.



एस.एस. तोमर ने बताया कि आगामी दिनों में न्यूनतम तापमान में और गिरावट आ सकती है, और घना कोहरा छाने का सिलसिला जारी रहेगा। उन्होंने यह भी बताया कि हवा की दिशा में बदलाव के कारण मौसम में बार-बार परिवर्तन हो रहा है, और आसमान में हल्के बादल भी छाए रहेंगे।

**बीते पांच दिन ऐसा रहा तापमान :** पिछले कुछ दिनों का न्यूनतम तापमान इस प्रकार रहाः 30 जनवरी को 8 डिग्री सेल्सियस, 31 जनवरी को 10 डिग्री सेल्सियस, 1 फरवरी को 15 डिग्री सेल्सियस, 2 फरवरी को 14 डिग्री सेल्सियस, 3 फरवरी को 11 डिग्री सेल्सियस, 4 फरवरी को 11 डिग्री सेल्सियस, 5 फरवरी को 12 डिग्री सेल्सियस और 6 फरवरी को 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### रोजगार मेला में 57 युवाओं को मिला नौकरी का सुनहरा अवसर



**सीहोर।** मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण राज्य का मिशन विकासखंड सीहोर और जिला प्रशासन के सहयोग से 6 जनवरी दिन शुक्रवार को जनपद पंचायत सीहोर में रोजगार मेला आयोजित किया गया,आयोजन में कैप्सटन सर्विस प्रा.लिमिटेड संस्था ने भाग लिया, आयोजित रोजगार मेला जनपद पंचायत सीहोर मुख्यकार्यपालन अधिकारी नमिता बघेल के मार्गदर्शन में हुआ, मेले में जिला सीहोर एंव अन्य जिलो के विभिन्न ग्रामो से आये 117 युवक एंव युवतियों ने प्रतिभाग किया, कैप्सटन सर्विस लिमिटेड से आये भर्ती अधिकारी सूरजभान सिंह मीणा ने तय मापदंडों के आधार पर युवाओं एंव युवतियो का साक्षात्कार लिया एंव साक्षात्कार उपरांत चयनित 57 युवक एंव युवतियो को नियक्ति पत्र प्रदान कर सिधे ज्वाईनिंग दी गई, ज्वाईनिंग के प्रथम माह से ही युवाओं/युवतियो को मिलेगा 16 से 22 हजार रूपये तक वेतन साथ में मेडिकल बीमा पीएफ और पेंशन की सुविधा भी मिलेगी भविष्य में सीनियरिटी और शैक्षणिक योग्यता के आधार पर प्रमोशन का मौका भी मिलेगा ब्लॉक प्रबंधक जनक सिंह गोयल ने बताया कि आजीविका मिशन लगातार रोजगार मेलों का आयोजन कर रहा है इसका उद्देश्य अल्प शिक्षित और शिक्षित बेरोजगारों को स्थानीय स्तर पर नौकरी का प्लेटफार्म देना है जिससे नवयुवकों एवं युवतियों को मिल रही बेरोजगारी से राहत साथ ही रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे है।

## जिलों में पेंशन कार्यालय बंद हुए तो वृद्धों को करना पड़ेगा परेशानियों का सामनाः सुंदरलाल राठौर

**सीहोर।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष श्याम जोशी एवं कार्यकारी प्रांताध्यक्ष एच.पी. उरमलिया, एल.एन.कैलाशिया के निर्देशानुसार सीहोर जिला अध्यक्ष सुन्दरलाल राठौर के नेतृत्व में प्रदेश के मुख्य मंत्री डॉ.मोहन यादव एवं मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन को सम्बोधित ज्ञापन जिला कलेक्टर सीहोर को सौपा। सुन्दरलाल राठौर ने ज्ञापन का वाचन करते हुए बताया कि मध्यप्रदेश शासन आगामी 1 अप्रैल 2026 से जिला स्तर पर कार्यरत पेंशन कार्यालय बंद करने पर आमदा है । परिणाम स्वरूप सेवा निवृत्त होने वाले प्रदेश के कर्मचारियों, अधिकारियों के पेंशन प्राप्ति के प्रकरणों में उन्हें राजधानी भोपाल के चक्कर लगाना होंगे। जिससे पेंशनरों (सिनियर सिटिजन्स) को बहुत ही कठिनाईयों का सामना



करना होगा और कुछ माह पेंशन एवं अन्य स्वत्व प्राप्त नहीं होने की दशा में आर्थिक कठिनाईयों एवं परिवार का भरण पोषण की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन की मांग है कि पेंशन कार्यालय जिला स्तर पर ही कार्यरत रहें। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष सुन्दरलाल राठौर, पं.राममूर्ति शर्मा, कन्हैयालाल बैरागी, सिद्दुसिंह ठाकुर, एल.एस.सेन, नर्वदा प्रसाद खरे, राजेन्द्र गांधी, महेश आर्य, चंदरसिंह ठाकुर, लखनलाल सेन, अशोक कुमार दुबे, भगवती प्रसाद शर्मा, नंदलाल पाल, प्रकाश देवगड़े, दिनेश कुमार जोशी, दिलीप राठौर, मुन्नाला प्रजापति, प्रकाश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### 7 फरवरी को आयोजित किया जाएगा सम्मेलन

# दलहन क्षेत्र के राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारियों का वरिष्ठ अधिकारियों ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के अमलाहा स्थित ईकार्डा परिसर में 7 फरवरी को आयोजित होने वाले दलहन राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारियों का प्रमुख सचिव कृषि संजय अग्रवाल, सचिव कृषि अविनाश लवानिया, कलेक्टर बालागुरू के. एवं एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने सम्मेलन के विभिन्न व्यवस्थागत पहलुओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उद्घाटन समारोह स्थल, मंच व्यवस्था,



अतिथि आगमन एवं स्वागत प्रोटोकॉल, फील्ड विज़िट मार्ग, प्रदर्शनी परिसर, तकनीकी सत्र हेतु ऑडिटोरियम व्यवस्थाएँ, सुरक्षा प्रबंधन, पार्किंग, यातायात नियंत्रण, पेयजल, विद्युत आपूर्ति तथा मीडिया समन्वय जैसी व्यवस्थाओं का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सम्मेलन में देश-प्रदेश से आने वाले मंत्रीगण, वैज्ञानिकों, कृषि विशेषज्ञों एवं किसानों की उपस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए सभी व्यवस्थाएँ उच्च स्तर की एवं समयबद्ध सुनिश्चित की जाएँ।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, संकेतक व्यवस्था एवं आगंतुक सुविधा केंद्र स्थापित करने के भी निर्देश दिए, ताकि सम्मेलन में आने वाले प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान एसडीएम नितिन टाले, इकार्डा के डायरेक्टर डॉ शिवकुमार अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मास्टर नेशनल गेम्स 2026 में सीहोर के आमिर ख़ान का शानदार प्रदर्शन, हरियाणा राज्य को दिलाया सिल्वर मेडल

**सीहोर।** आठवीं मास्टर नेशनल गेम्स 2026 के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय स्तर की हॉकी प्रतियोगिता में हरियाणा टीम की ओर से खेलते हुए सीहोर जिले के आमिर ख़ान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शहर एवं प्रदेश का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता का आयोजन महाराष्ट्र के पुणे स्थित अंतरराष्ट्रीय मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 28 जनवरी से 31 जनवरी तक किया गया था, जिसमें देशभर की लगभग 20 टीमों ने भाग लिया।



हरियाणा टीम ने आमिर खान के नेतृत्व में कड़े मुकाबलों में केरल एवं तेलंगाना को पराजित कर सिल्वर मेडल अपने नाम किया। आमिर ख़ान अपने सोशल मीडियों पेजेस के माध्यम से भी युवाओं को खेलों के प्रति जागरूकता कर रहे हैं। उनकी खेल के प्रति सक्रियता और हॉकी को निरंतर समर्थन देने के कारण ही उन्हें हरियाणा की राष्ट्रीय हॉकी टीम में शामिल किया गया था। आमिर ख़ान राष्ट्रीय खेल हॉकी को बढ़ावा देने के लिए नियमित रूप से प्रेरणादायक (मोटिवेशनल) वीडियो भी अपने यूट्यूब चैनल और सोशल मीडिया पर साझा करते रहते हैं, जिससे युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलता है। आमिर ख़ान की इस उपलब्धि पर मध्य प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, हॉकी कोच रसूल सिद्दीकी एवं टीम मैनेजर अफ़शा अहमद सहित अनेक हस्तियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**खबर संक्षेप**

### बच्चों को तनाव कम करने के लिए बताए प्रबंधन के उपाय

**सीहोर।** सीहोर जिला अस्पताल की उमंग एवं डीईआईसी की टीम द्वारा कालापीपल के शासकीय सांदीपनी स्कूल में तनाब प्रबंधन जागरुकता सत्र आयोजित किया गया। जागरुकता सत्र में बच्चों को तनाव प्रबंधन के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस पहल का मुख्य उद्देश्य बच्चों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं सकारात्मक सोच को विकसित करना था, ताकि वे आगामी परीक्षाओं में तनाव मुक्त होकर बेहतर से बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

### शिविर लगाकर किया गया 753 बच्चों का टीकाकरण



**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में 06 फरवरी को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 545 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 208 बच्चों का टीकाकरण किया गया।

### पुलिस ने नाबालिग को भगाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**भैरुंदा।** पुलिस ने 16 वर्षीय नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। पुलिस ने बालिका को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। 9 जनवरी को फरियादी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि उसकी 15 वर्षीय बहन 8 जनवरी की रात से लापता है। परिजन ने रिश्तेदारों और आसपास तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। फरियादी ने आशंका जताई कि कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर बहन को ले गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। एक विशेष टीम बनाई गई। जांच में सामने आया कि आरोपी पहले भी बालिका को बहला चुका है। आरोपी रायसेन जिले के थाना सिलवानी का रहने वाला है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने मुखबिर और साइबर सेल की मदद ली। 3 फरवरी को आरोपी के कब्जे से बालिका को बरामद किया गया। उप निरीक्षक पूजा सिंह राजपूत ने बालिका के बयान लिए। बयान के आधार पर केस में पॉक्सो एक्ट जोड़ा गया।


घंटों रेंगते रहे वाहन, जाम में फंसी एंबुलेंस, प्रशासन बना मूकदर्शक, नियमों की अनदेखी और जिम्मेदारों की मनमानी

# शादी का जश्न, हाईवे पर टशनः मैरिज गार्डनों की मनमानी से इंदौर-भोपाल राष्ट्रीय मार्ग ठप

नियमों को ताक पर रखकर शादी समारोह किए जा रहे हैं और मेहमानों के सैकड़ों वाहन बेधड़क सड़क मार्ग के दोनों ओर खड़े कर दिए जाते हैं। नतीजा इंदौर-भोपाल जैसे व्यस्त मार्ग पर लग रहा घंटों लंबा जाम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





शादी की शहनाइयों और रोशनी की चकाचौंध के बीच भैरुंदा नगर से होकर गुजरने वाला इंदौर–भोपाल मुख्य मार्ग एक बार फिर कराह उठा। पांच फरवरी से शुरू हुए शादी सीजन ने इस अति महत्वपूर्ण मार्ग की रफ्तार पूरी तरह छीन ली। हालात ऐसे बने कि हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, राहगीर घंटों जाम में फंसे रहे और मरीजों को लेकर जा रही एंबुलेंस तक सायरन बजाती रह गई। मगर जिम्मेदार प्रशासन—हमेशा की तरह—हालात का तमाशा देखता नजर आया।

नगर क्षेत्र में संचालित कई मैरिज गार्डन, जिनके पास न पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था है और न ही ट्रैफिक नियंत्रण की कोई ठोस योजना, खुलेआम इंदौर–भोपाल मुख्य मार्ग को अपनी निजी पार्किंग में तब्दील कर चुके हैं। नियमों को ताक पर रखकर शादी समारोह आयोजित किए जा रहे हैं और मेहमानों के सैकड़ों वाहन बेधड़क सड़क मार्ग के दोनों ओर खड़े कर दिए जाते हैं। नतीजा—इंदौर–भोपाल जैसे अति व्यस्त और महत्वपूर्ण मार्ग पर घंटों लंबा जाम।

### शाम ढलते ही बिगड़े हालात, हाईवे पूरी तरह ठप, लोग आगे आए मदद करने के लिए

गुरुवार शाम स्थिति पूरी तरह नियंत्रण से बाहर हो गई। एक के बाद एक विवाह समारोह, सैकड़ों चारपहिया और दुपहिया वाहन, और पार्किंग का कोई इंतजाम नहीं। मैरिज गार्डन संचालकों की मनमानी ने हालात को और भयावह बना दिया। इंदौर–भोपाल हाईवे से लेकर सीहोर रोड तक करीब दो से तीन घंटे तक वाहनों की रफ्तार थमी रही। छोटे वाहन जहां-तहां फंसे रहे, वहीं भारी वाहनों की लंबी कतारों ने जाम को विकराल रूप दे दिया। हालांकि घंटों जाम के बाद पुलिस प्रशासन पहुंचा और स्थानीय लोगों की मदद से जाम को खुलवाया गया।

### हर साल वही अराजकता, हर साल वही प्रशासनिक चुप्पी

स्थानीय लोगों का आरोप है नागरिकों के लिए यह दृश्य नया नहीं है। हर साल शादी सीजन आते ही यही अराजकता देखने को मिलती है और हर बार प्रशासन की भूमिका सिर्फ तमाशबीन की रह जाती है। बड़ा सवाल यह है कि बिना पार्किंग, बिना ट्रैफिक प्लान और बिना सुरक्षा इंतजाम के मैरिज गार्डनों को आखिर अनुमति किस आधार पर दी जाती है। क्या नियम केवल फाइलों और कागजों तक ही सीमित हैं, या फिर नियमों की आड़ में मनमानी को खुली छूट दे दी गई है।

### जाम में फंसी एंबुलेंस, जान पर बन आई

जाम की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मरीज को लेकर जा रही एक एंबुलेंस करीब एक से दो घंटे तक जाम में फंसी रही। सायरन बजता रहा, लेकिन शादी के जश्न में डूबे वाहन चालकों ने रास्ता तक नहीं छोड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि किसी मरीज की जान चली जाती, तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेता? क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है?

### मुख्य सड़क को ही बना लिया आयोजन स्थल

नागरिकों का आरोप है कि कुछ मैरिज गार्डन संचालकों ने इंदौर–भोपाल मुख्य सड़क को ही अपने आयोजन का हिस्सा मान लिया है।

पार्किंग शून्य, सुरक्षा गार्ड नदारद और ट्रैफिक नियंत्रण की कोई योजना नहीं—बस मुनाफा और शोर-शराबा। यातायात पुलिस की मौजूदगी भी नाममात्र की रही, जिससे संचालकों और वाहन चालकों के हौसले और बुलंद होते दिखे।

### प्रशासन की जिम्मेदारी तय क्यों नहीं

स्थानीय प्रशासन और पुलिस प्रशासन की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। क्या बिना पार्किंग वाले मैरिज गार्डनों पर कार्रवाई सिर्फ नोटिस तक सीमित रहेगी? क्या चालानी कार्रवाई और संचालन पर रोक लगाने की इच्छाशक्ति प्रशासन में नहीं है? नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते सख्ती नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में हालात और भी गम्भीर हो सकते हैं।

### अब चेतावनी नहीं, चाहिए ठोस कार्रवाई

स्थानीय लोगों ने मांग की है कि शादी सीजन के दौरान विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया जाए, हाईवे किनारे वाहन खड़े करने वालों पर तत्काल चालानी कार्रवाई हो और बिना पार्किंग व्यवस्था वाले मैरिज गार्डनों का संचालन तत्काल रोका जाए।



**नागरिकों की दो टूक चेतावनी हैः** शादी की शहनाइयों में एंबुलेंस की सायरन दबना किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं।

**कार्रवाई की जाएगी...**

शादी-विवाह के सभी मैरिज गार्डन संचालकों के साथ सोमवार को बैठक की जाएगी। पार्किंग व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए जाएंगे। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई होगी।

सुधीर कुशवाह, एसडीएम भैरुंदा

## बालिका वर्ग ने रस्साकसी और खो-खो में मारी बाज़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार माय भारत सीहोर द्वारा हिताय सोशल चेंजमेकर्स वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में रस्साकशी, दौड़ (बालक एवं बालिका वर्ग), खो-खो तथा गोला फेंक की स्पर्धाएँ आयोजित की गईं।

कार्यक्रम का निर्देशन जिला युवा अधिकारी निक्की राठौर ने किया तथा समन्वय हिताय के संस्थापक उमेश पंसारी द्वारा किया गया।

खेल प्रशिक्षक ममतेश पवार ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन शासकीय विधि महाविद्यालय, सीहोर के प्राचार्य राजकुमार साहू ने किया।

इस अवसर पर विधि महाविद्यालय सीहोर के डॉ. विनोद चौरसिया, महेंद्र बघेल, प्रकाश, उन्नति, चंचल, आदर्श, प्रिंस और रोहित सहित अनेक युवा खिलाड़ी उपस्थित रहे।

**प्रतियोगिता के परिणाम :** रस्साकशी (बालिका वर्ग) में प्रथम विधि महाविद्यालय सीहोर, द्वितीय पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, रस्साकशी (बालक वर्ग) में प्रथम अजय एवं दल, द्वितीय – सुमित एवं दल, खो-खो (बालिका वर्ग) में प्रथम पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, बालिका वर्ग दौड़ में प्रथम नंदिनी, द्वितीय अलका, तृतीय श्यामू, बालक वर्ग दौड़ में प्रथम वंश, द्वितीय देवेंद्र, तृतीय विवेक, गोला फेंक (पुरुष वर्ग) में प्रथम गौरव, द्वितीय देवेंद्र, तृतीय शुभम, गोला फेंक (महिला वर्ग) में प्रथम रिंकी, द्वितीय करीना, तृतीय अलका रहे। विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। विकासखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में सहभागिता करेंगे।

### यह कोई सामान्य टिप्पणी नहीं, बल्कि लाड़ली बहनों को खुली धमकी हैः राजीव गुजराती



**सीहोर।** भाजपा के मंत्री विजय शाह के बाद अब रामस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने भी लाड़ली बहनों को खुलेआम धमकी दी है। गुरुवार को सीहोर के इछावर विधानसभा क्षेत्र के धामंदा में मंत्री श्री वर्मा ने सीईओ को निर्देश दिया कि सभी लाड़ली बहनों को हमारे कार्यक्रम में बुलाया जाय और जो नही आयें तो योजना की सूचही से उनका नाम काट दिया जाये वाली धमकी पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की अराजक सरकार के अहंकारी नेता ऐसे पेश आ रहे हैं, जैसे योजनाओं का पैसा सरकारी नहीं, उनकी निजी संपत्ति हो।

लाड़ली बहना योजना किसी नेता की मेहरबानी नहीं, बहनों का अधिकार है। लाड़ली बहनों को मंत्री जी और भाजपा ने अपना गुलाम समझ लिया है। क्या ऐसे बयान देकर करण सिंह वर्मा स्वयं को कैलाश विजयवर्गीय, विजय शाह की श्रेणी में लाना चाहते हैं।

मध्य प्रदेश शासन के मंत्री लोग सत्ता के घमंड में लाड़ली बहनों पर विवादित बयान देकर उनका अपमान कर रहे हैं, पहले विजय शाह के लाड़ली बहनों पर विवादित बयान देने के बाद प्रदेश के एक और मंत्री करण सिंह वर्मा के द्वारा लाड़ली बहनों को जो कार्यक्रम में नहीं आ रही हैं उनका नाम काटने की धमकी तो ऐसे दे रहे हैं जैसे यह लोग उनको अपनी जेब से पैसा दे रहे हों। बहन बेटियों का यह अपमान कांग्रेस पार्टी कतई बर्दाश्त नही करेगी। नागरिकगणों एवं बहनों के हक अधिकार की लड़ाई में कांग्रेस पार्टी सदैव जनता के साथ हैं।

## फसल बचाने की आड़ में राहगीरों की सुरक्षा दांव पर, प्रशासन की चुप्पी पर उठे गंभीर सवाल

### हाईवे पर कटीले तारों का जाल, जानलेवा लापरवाही बेनकाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



फसल को मवेशियों से बचाने की मजबूरी अब आमजन की जान के लिए खतरा बनती जा रही है। भैरुंदा–सीहोर मुख्य मार्ग पर छिदगांव मौजी से लेकर जाट के टप्पर तक सड़क के ठीक किनारे किसानों द्वारा लगाए गए कटीले तार किसी भी समय बड़ा हादसा करा सकते हैं। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग मौत का सीधा न्योता बन चुका है। हल्की सी चूक और जान चली जाए-यह आशंका नहीं, सच्चाई बनती जा रही है। सीहोर–कोसमी स्टेट हाईवे पर सड़क सीमा में तनकर खड़े कटीले तार न केवल यातायात नियमों की खुली अवहेलना हैं, बल्कि प्रशासनिक उदासीनता का भी आईना हैं। इन तारों से टकराने की स्थिति में बाइक सवार के बचने की संभावना लगभग शून्य है। इसके बावजूद जिम्मेदार अफसरों का इस मार्ग से रोजाना आना-जाना होने के बाद भी न कोई चेतावनी बोर्ड, न तार हटवाने की पहल-हर स्तर पर खामोशी है।

यह कोई पहली चेतावनी नहीं है। वर्षों पहले इच्छावर के पास नाना कबाड़ी पेट्रोल पंप के समीप इसी तरह के कटीले तारों से टकराकर एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो चुकी है। उस दर्दनाक हादसे से भी क्या प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया? या फिर व्यवस्था एक और जानलेवा दुर्घटना का इंतजार कर रही है?

सड़क किनारे कटीले तार लगाकर फसल बचाने का तरीका सीधे-सीधे राहगीरों की सुरक्षा से खिलवाड़ है। नियम स्पष्ट हैं—सड़क की सीमा में किसी भी प्रकार की फेंसिंग प्रतिबंधित है। फिर भी न तो कार्रवाई होती दिख रही है, न ही जिम्मेदारों पर जवाबदेही तय की जा रही है। सवाल उठता है कि क्या भैरुंदा प्रशासन समय रहते चेत पाएगा, या फिर किसी और परिवार के उजड़ने के बाद ही फाइलें खुलेंगी?

हाईवे पर तेज रफ्तार से दौड़ते वाहनों के बीच तनकर खड़े ये कटीले तार हर पल खतरे की घंटी बजा रहे हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन अपनी जिम्मेदारी निभाकर समय रहते कदम उठाता है या फिर 'हादसे के बाद कार्रवाई' की पुरानी परंपरा को एक बार फिर दोहराया जाता है। आमजन की नजरें अब प्रशासन की अगली चाल पर टिकी हैं।

**वीआईटी यूनिवर्सिटी का सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर**

# राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं ने कुसमनिया घाट पर की ट्रेकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी का सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर ग्राम बोरखेड़ा तहसील आष्टा में आयोजित किया जा रहा है शिविर के दिन की शुरुआत प्रभात फेरी के साथ हुई, जिसने एकता और समुदाय की भावना का प्रतीक बनाया और एन.एस.एस. स्वयंसेवक ने ढोलक वादन और भजन गाकर गाँव में अपने शिविर के चतुर्थ दिन की शुरुआत की। ट्रेकिंग अभियान - कुसमानिया पर्वतमाला दिवस की मुख्य गतिविधि के तहत स्वयंसेवकों ने (आष्टा की कुसमानिया पर्वतमाला) के एक रोमांचक ट्रेक (मन में वन) पर प्रस्थान किया। इस ट्रेक के दौरान स्वयंसेवकों ने प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव किया। इस ट्रेक ने स्वयंसेवकों में टीमवर्क और नेतृत्व कौशल को भी विकसित किया। स्वयंसेवकों ने सारे चुनौतीपूर्ण मार्ग पार करते हुए अपने शारीरिक और मानसिक धैर्य की परीक्षा में सफल रहे। ट्रैकिंग के दौरान स्वयंसेवकों के पर्यावरणीय ज्ञान में वृद्धि हुई।

दिन के अंतिमसाय में एक कठपुतली कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिससे स्वयंसेवकों में उत्साह और सकारात्मक भावना बनी रहे। शिविर का चतुर्थ दिन कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. विनोद भट्ट, डॉ. देवव्रत गुप्ता, डॉ. गीतांजली गिरि एवं सुश्री दीप्ति भोजवानी के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

# काल्फ रैली का आयोजन, समूहों में पुरस्कारों का वितरण किया




**सीहोर।** आईटीसी मिशन सुनहरा कल परियोजना के अन्तर्गत बायफ डेवेलोपमेंट रिसर्च फाउण्डेशन द्वारा आयोजित सेक्स शॉर्टेड सिमन (बछिया वाला सिमन) से उत्पन्न बछियों की रैली का आयोजन ग्राम मोगराराम में किया गया। जिसमें जिला पशुपालन विभाग से उपसंचालक डॉ.आर.पी गौतम, डॉ.दिव्या दहाड़े, डॉ.रामकृष्ण शाक्य, डॉ.मनोज श्रीवास्तव, पीडीएस संस्था से सुधीर राय, बायफ संस्था से अरविन्द श्रीवास्तव, जिला परियोजना अधिकारी अरविन्द सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। ज्ञात रहे कि उक्त कार्यक्रम बायफ संस्था द्वारा सेक्स शॉर्टेड सिमन से उत्पन्न बछियों की रैली जिले में प्रथम बार आयोजित की गई। कार्यक्रम में पशुपालक के पशुओं को दो समूहों में विभाजित किया गया। जिसमें 0 से 6 माह एवं 6 से 12 माह वाली बछिया के पाशुपालकों ने भाग लिया। रैली के उपरांत विभाजित समूहों में पुरुस्कार वितरित किया गया।

जिसमें 0 से 6 माह में प्रथम पुरस्कार हेमराज, द्वितीय पुरस्कार कुमेर सिंह एवं तृतीय पुरस्कार परमान्द को दिया गया। साथ ही 6 से 12 माह में प्रथम पुरुस्कार गेंदालाल, द्वितीय पुरुस्कार मोहनलाल एवं तृतीय पुरुस्कार चन्दरसिंह को दिया गया। कार्यक्रम में पधारे सभी पशुपालकों को सांत्वना पुरस्कार भी दिये गये। कार्यक्रम में उपसंचालक द्वारा विभाग के माध्यम से चलाई जा रही शासकीय योजनाओं की विस्तरत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के अंत में संस्था के जिला परियोजना अधिकारी अरविन्द सिंह द्वारा पधारे सभी अतिथियों एवं पशुपालकों का आभार व्यक्त किया गया।

### 2026-47 में स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता पर जोर

# केंद्रीय बजट विकसित भारत की दिशा में काफी मजबूत कदमः मंत्री टेटवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने सिविल अस्पताल सारंगपुर में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान केंद्रीय बजट 2026 को देश के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह बजट विकसित भारत 2047 के संकल्प को मजबूत आधार प्रदान करने वाला है।

उन्होंने कहा कि बजट में समावेशी विकास, आत्मनिर्भरता और सामाजिक न्याय को प्राथमिकता देते हुए किसान, युवा, महिलाएं, श्रमिक, मध्यम वर्ग और उद्योग सहित सभी वर्गों को लाभ पहुंचाने के प्रावधान किए गए हैं। डॉ. टेटवाल ने बताया कि बजट में गरीब कल्याण, कृषि विकास, रोजगार सृजन और कौशल उन्नयन पर विशेष जोर दिया गया है। किसानों की आय बढ़ाने, कृषि को आधुनिक तकनीक से जोड़ने, सिंचाई, भंडारण और ग्रामीण अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए ठोस प्रावधान किए गए हैं, जिससे मध्यप्रदेश जैसे कृषि प्रधान राज्य को सीधा लाभ मिलेगा। युवाओं के लिए स्टार्टअप, डिजिटल अर्थव्यवस्था, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नई तकनीकों को बढ़ावा देकर रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर सृजित किए गए हैं। साथ ही महिला सशक्तिकरण के तहत महिला उद्यमिता, स्व-सहायता समूह, मातृ स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा से जुड़े प्रावधान भी शामिल किए गए हैं।

#### शिक्षा में महिलाओं की बढेगी भागीदारी

शिक्षा एवं मानव संसाधन विकास को लेकर उन्होंने कहा कि हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल बनाए जाएंगे, जिससे महिलाओं की उच्च शिक्षा में भागीदारी बढ़ेगी। स्कूल और कॉलेजों में कंटेंट क्रिएटर लैब तथा डिजाइन शिक्षा को बढ़ावा दिया जाएगा। इस बार स्कूल और उच्च शिक्षा बजट में 8.27 प्रतिशत तथा कौशल विकास में 62 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। धार्मिक नगरों के विकास के लिए 5 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, वहीं ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए बायोगैस, सोलर पैनल और इलेक्ट्रिक व्हीकल उपकरणों पर आयात शुल्क में कमी की गई है।

#### स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए महत्वपूर्ण कदम

प्रेसवार्ता के दौरान डॉ. टेटवाल ने सिविल अस्पताल सारंगपुर में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को लेकर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। उन्होंने बताया कि अस्पताल में 1000 स्क्वेयर फीट क्षेत्र में डायलिसिस यूनिट स्थापित करने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, जिससे क्षेत्र के किडनी मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही सुविधा मिल सकेगी और उन्हें बाहर जाकर महंगा इलाज नहीं कराना पड़ेगा। साथ ही 4000 स्क्वेयर फीट क्षेत्र में ट्रॉमा सेंटर स्थापित करने का प्रस्ताव भी भेजा गया है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में घायल मरीजों को समय पर उपचार मिल सकेगा। मंत्री टेटवाल ने बताया कि सिविल अस्पताल के पुराने भवन को हटाकर अस्पताल के सौंदर्य करण का प्रस्ताव भेजा गया है तथा अस्पताल कॉलोनी में नए डुप्लेक्स क्वार्टर निर्माण की स्वीकृति के लिए भी प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। अस्पताल परिसर में शीघ्र रेन बसेरा प्रारंभ किया जाएगा तथा दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना शुरू की जाएगी। विधायक निधि से 10 लाख 50 हजार रुपए की एटीएम हेल्थ मशीन स्वीकृत की गई है, जिससे अस्पताल में ही आधुनिक जांच सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि बालोड़ी एवं भूमका में 43 लाख रुपए की लागत से नए सब हेल्थ सेंटर का लोकार्पण किया जा चुका है। वहीं करोंदी, मऊ, सरेडी सराली एवं नेनावाडा में 55 लाख रुपए की लागत से सब हेल्थ सेंटर निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। इसके अलावा धनोरा, भ्याना, ब्यावरा मांडू, पाठक्या, चाकरोद एवं चिडलावनिया में पुराने सब हेल्थ सेंटर भवनों के उन्नयन को स्वीकृति प्रदान की गई है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पढ़ाना में बाउंड्री वाल निर्माण तथा घमंदा में दो नए क्वार्टर निर्माण का प्रस्ताव भी भेजा गया है।

प्रेसवार्ता के दौरान पत्रकारों द्वारा महिला चिकित्सक की ड्यूटी में लापरवाही की शिकायत पर मंत्री टेटवाल ने ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर को सभी चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा ड्यूटी रोस्टर सार्वजनिक करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि डॉ. सरिता यादव की पुनः नियुक्ति की गई है, डॉ. अंकुर देशवाली की एमडीएमसी पद पर नियुक्ति सिविल अस्पताल सारंगपुर में की गई है तथा डॉ. जय सिंह बघेल की नियुक्ति भी शीघ्र की जाएगी। इस अवसर पर एसडीएम रोहित बम्होरे, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, निर्मल जैन, सुधीर श्रीमाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री टेटवाल ने कहा कि सरकार क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है।

# फेयरवेल पार्टी में हुए होली एंजल्स व केडीपीएस के विद्यार्थी अनुशासनहीन

### हाइवे पर जाम, यातायात पुलिस ने वाहनों के काटे चालान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

नगर में एंजल्स एवं केडीपीएस निजी विद्यालयों द्वारा आयोजित फेरवेल कार्यक्रमों के दौरान यातायात नियमों की खुलेआम अनदेखी करना छात्रों एवं वाहन चालकों को महंगा पड़ गया। मामला जिला प्रशासन के संज्ञान में आते ही यातायात पुलिस ने कुरावर पहुंचकर सख्त कार्रवाई की और फेरवेल जुलूस में शामिल वाहनों पर चालानी कार्रवाई की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार एवं मंगलवार को नगर के नेशनल हाइवे पर स्थित एंजल्स एवं केडीपीएस निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा फेयरवेल कार्यक्रम के अवसर पर नगर से विद्यालय तक मुख्य मार्ग पर करीब एक किलोमीटर लंबा जुलूस निकाला गया। इस दौरान कई छात्र तेज गति से चलती कारों की खिड़कियों से बाहर लटकते हुए, वाहन के गेट पर बैठकर सेल्फी लेते हुए तथा शोर-शराबा करते नजर आए। नेशनल हाइवे जैसे अत्यधिक व्यस्त मार्ग पर इस प्रकार का कृत्य न केवल छात्रों की जान के लिए जोखिमपूर्ण था, बल्कि आम नागरिकों और राहगीरों के लिए भी परेशानी का कारण बना।यातायात पुलिस द्वारा वाहनों की जांच की गई तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई। खबर लिखे जाने तक कुल 7 वाहनों में से 5 कार मालिकों की पहचान कर ली गई थी, जिन्हें थाने बुलाया गया। इनमें से 2 कारों एवं एक सांवरिया डीजे वाहन पर चालानी कार्रवाई की जा चुकी है, जबकि शेष वाहनों की जानकारी जुटाई जा रही है।

#### बोले - थाना प्रभारी

थाना प्रभारी जितेंद्र मवई ने बताया कि, "हम अपनी ओर से शिक्षा विभाग को विद्यालयों की इस लापरवाही के संबंध में पत्र लिखेंगे। उसके बाद जो भी नियमानुसार कार्रवाई होगी, वह की जाएगी।"

**विभिन्न कमियों पर कलेक्टर ने की कार्यवाही**

# लापरवाह कृषि अधिकारियों की परिवीक्षा अवधि बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के संबंध में कलेक्टोरेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग के जिलाधिकारी सहित मैदानी अधिकारी, एवं कर्मचारी मौजूद थे। इस दौरान विभिन्न मामलों में लापरवाही बरतने पर दंड स्वरूप जिले के 3 कृषि विस्तार अधिकारियों की परिवीक्षा अवधि 1 वर्ष बढ़ाने के आदेश जिलाधीश द्वारा प्रदान किए गए। समीक्षा में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने पाया कि कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा बीते महीनों में अपने-अपने क्षेत्रों में किए गए भ्रमण से संबंधित जानकारी की प्रविष्टि ई-टूर प्लान में दर्ज नहीं की गई है। इसके साथ ही विभागीय योजनाओं के विभिन्न घटकों के अंतर्गत प्राप्त लक्ष्यों की पूर्ति भी इन अधिकारियों नहीं की गई। उक्त लापरवाहियों पर कलेक्टर ने कृषि विस्तार अधिकारी खिलचीपुर सुश्री साक्षी साहू, कृषि विस्तार अधिकारी नरसिंहगढ़ प्रितेश पाटीदार एवं कृषि विस्तार अधिकारी सारंगपुर रोहित जाटव की तीन वर्षीय परिवीक्षा अवधि को, अवधि समाप्त होने की दिनांक से आगामी 1 वर्ष के लिए बढ़ाया गया है।

#### क्या है परिवीक्षा अवधि

परिवीक्षा अवधि नवनियुक्त अधिकारियों के लिए एक तरह का टेनिंग पीरियेड रहता है जिसमें उनके कार्य के प्रदर्शन, कार्यशैली आदि का मूल्यांकन उच्चाधिकारियों द्वारा किया जाता है। अवधि समाप्त होने के बाद ही संबंधित अधिकारी, कर्मचारी को वे समस्त लाभ पूर्णतः मिल पाते हैं जो एक नियमित अधिकारी, कर्मचारी को मिलते हैं।

**द्रुत गति से चल रहा भोपाल-रामगंज मंडी रेल परियोजना का कार्य**

# राजगढ़ नगर की सीमा में पहली बार पहुंची मालगाड़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

बीते करीब 30 सालों से राजगढ़ नगर में रेल आने का इंतेजार कर रहे रहवासी शुक्रवार को खासे उत्साहित नजर आए। दरअसल 276 किलोमीटर लंबाई वाले भोपाल-रामगंज मंडी प्रोजेक्ट के तहत कल पहली बार राजगढ़ नगर की सीमा में कोई टेन पहुंची। हालांकि, यह एक मालगाड़ी थी लेकिन उसे देखने का ही इतना क्रेज नजर आया कि अनेकों लोग मालगाड़ी के साथ सेल्फी, वीडियो, फोटो लेते नजर आए।

आपको बतादें कि करीब 30 वर्षों पहले केंद्र सरकार ने भोपाल-रामगंज मंडी रेल परियोजना स्वीकृत की थी। शुरूआत में परियोजना की लागत महज 500 करोड़ थी लेकिन अनेकों कारणों से परियोजना में विलंब होता रहा। बाद में केंद्र सरकार ने इस परियोजना को अपने फास्टटेक प्रोजेक्ट में शामिल किया। बढ़ते-बढ़ते इस प्रोजेक्ट की लागत 3500 करोड़ तक पहुंच गई। इस प्रोजेक्ट के तहत अभी भोपाल सहित राजगढ़ जिले की सीमा में कई स्थानों पर पटरियां बिछाने सहित ब्रिज निर्माण के कार्य अभी बाकी हैं। विभाग के अधिकारी दावा कर रहे हैं कि इस साल के अंत तक परियोजना पूरी कर ली जाएगी। हालांकि, फिलहाल तक ऐसा संभव होता नजर नहीं आ रहा है।

# शेफील्ड हिल्स पब्लिक स्कूल नरसिंहगढ़ में वार्षिक समारोह का किया आयोजन



**नरसिंहगढ़।** शेफील्ड हिल्स पब्लिक स्कूल में 4 फरवरी 2026 को वार्षिक समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय एसडीएम नरसिंहगढ़ श्री सुशील कुमार सिंह थे। कार्यक्रम की शुरुआत शैक्षणिक समिति की अध्यक्ष एवं संचालिका डॉ. वंदना सिंह द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत एवं अभिनंदन से हुई। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 9 की छात्रा दिव्यांशा ने किया। अपने स्वागत भाषण में डॉ वंदना सिंह ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को सह-शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करें, क्योंकि ये गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने पालकों को बच्चों से मोबाइल न देने का भी आग्रह किया एवं बालक ओर बालिकाओं की संपूर्ण सुरक्षा का आश्वासन दिया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा अनेक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। विशेष रूप से वीर शिवाजी के जीवन पर आधारित नाट्य प्रस्तुति, कृष्ण लीला एवं महिषासुर मर्दिनी नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। प्रस्तुति देने वाले छात्रों के नाम है शिवाय राठौर, अथर्व कश्यप,वैदिक व्यास,प्रियांशी साहू, नंदिनी शिवहरे,वैदिक झाला शौर्य व्रत सिंह आदि। मुख्य अतिथि सुशील कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में बताया कि प्रशासनिक सेवा में आने से पूर्व वे शिक्षक रहे हैं और आज भी उन्हें शिक्षण कार्य से गहरा लगाव है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों पर अपनी इच्छाओं का बोझ न डालें, बल्कि उन्हें स्वाभाविक रूप से आगे बढ़ने का अवसर दें ताकि वे बिना दबाव के खिल सकें। अंत में मुख्य अतिथि ने विद्यालय प्रबंधन को इतने सुव्यवस्थित एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम के आयोजन हेतु धन्यवाद दिया। अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा उत्कृष्ट शिक्षण के लिए शिक्षकों का भी सम्मान किया गया।

# महाशिवरात्रि की तैयारीः बैजनाथ धाम में रंग और रोगन कार्य शुरू



**नरसिंहगढ़।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर श्री बाबा बैजनाथ शासकीय देवस्थान प्रबंधन समिति द्वारा बैजनाथ धाम स्थित बड़ा महादेव मंदिर में रंग-रोगन एवं सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है। मंदिर परिसर को आकर्षक और भव्य स्वरूप देने के लिए दीवारों, गर्भगृह ,पार्वती माता मंदिर एवं नगार खाना के आसपास के हिस्सों में रंग-रोगन किया जा रहा है। देवस्थान प्रबंधन समिति के अनुसार महाशिवरात्रि पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के दर्शन हेतु आने की संभावना रहती है, इसी को ध्यान में रखते हुए मंदिर की साफ-सफाई, रंग-रोगन तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। कार्य पूर्ण होने के बाद श्रद्धालुओं को स्वच्छ और सुन्दर वातावरण में भगवान शिव के दर्शन का लाभ मिलेगा। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां अंतिम चरण में हैं, जिससे भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## यूजीसी के नए नियम 2026 के समर्थन में एसडीएम को ज्ञापन



**सारंगपुर।** उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने के लिए एससी, एसटी व ओबीसी वर्ग के प्रतिनिधियों ने गुरुवार को यूजीसी द्वारा प्रस्तावित "उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने वाले विनियम, 2026" के समर्थन में एसडीएम रोहित बम्होरे को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधियों ने बताया कि इन नियमों का उद्देश्य शिक्षा संस्थानों में भेदभाव समाप्त कर सभी वर्गों को समान अवसर देना है। प्रस्तावित नियमों के तहत प्रत्येक संस्थान में इक्वल अपॉर्च्युनिटी सेंटर, इक्विटी कमेटी, इक्विटी स्क्वॉड, 24×7 हेल्पलाइन और इक्विटी एम्बेसडर जैसी व्यवस्थाएं लागू की जाएंगी। प्रतिनिधियों ने केंद्र सरकार से इन नियमों को शीघ्र लागू करने की मांग की। ज्ञापन पर कई प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर रहे। इस दौरान महेश वर्मा,दीपक बाल्मीकि,कैलाश जिसोदिया,कमल सिंह,अरविंद्र अहिरवार,कमल मालवीय सहित अन्य मौजूद थे।

### पशु चिकित्सा विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर के निर्देश

# 2 पशु चिकित्सकों की वेतनवृद्धि रोकी, कुछ को शोकाज नोटिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विभिन्न विभागों के तहत चल रही योजनाओं के संबंध कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा लगातार समीक्षा बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इन बैठकों में लक्ष्यों के विरुद्ध कमतर प्रगति पाए जाने पर जिम्मेदारों की वेतनवृद्धि रोकने, शोकाज नोटिस सहित अन्य तल्ख कार्यवाहियां भी की जा रही हैं।

इसी कड़ी में गुरुवार को पशु चिकित्सा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों के विरुद्ध अपेक्षाकृत कम प्रगति पाई गई। नरसिंहगढ़ में कामधेनु योजना के अंतर्गत प्रकरणों के समय पर स्वीकृत नहीं किए जाने पर डॉ. मिश्रा ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधितों को नोटिस जारी करने के निर्देश प्रदान किए। किसान क्रेडिट कार्ड (पशुपालन) वितरण योजना में ब्यावरा के निम्न प्रदर्शन पर डॉ. अनीता पवार एवं डॉ. श्रुति सुमन की एक वेतनवृद्धि रोक दी गई। साथ ही इस लापरवाही पर आयुक्त, पशुपालन विभाग से भी पत्राचार करने के निर्देश भी दिए गए। चलित पशु चिकित्सा इकाई में कॉल अटेंड नहीं किए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई करने के निर्देश प्रदान किए।

#### पशु टेगिंग के बगैर न दी जाए अनुदान राशि

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्पष्ट किया कि बिना पशु टैगिंग के किसी भी योजना अंतर्गत अनुदान नहीं दिया जाएगा। यदि ऐसा किया गया तो वितरित राशि संबंधित व्यक्तिगत डॉक्टर के वेतन से वसूली जाएगी। साथ ही प्रत्येक प्रकरण के स्वीकृत एवं डिस्बर्समेंट की पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित डॉक्टर की होगी। बैठक में राष्ट्रव्यापी कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई। सेक्स सॉर्टेड उपलब्धि में निम्न प्रदर्शन पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

## नगर परिषद ने शिविर लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं के आवेदन लिए



**जीरापुर।** शासन द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र लोगों को योजना का त्वरित लाभ पहुंचाने के मुख्य उद्देश्य से प्रदेश में संकल्प से समाधान अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान अंतर्गत नगर परिषद द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में शिविर आयोजित कर वंचित पात्र लोगों के आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण किया जा रहा है इस तारतम्य में नगर परिषद द्वारा शिव मंदिर रामलीला चैक में वार्ड क्रमांक 07, 08, 09 के आवेदन प्राप्ति हेतु शिविर आयोजित किया गया जिसमें लोगों की समस्या सुनकर आवेदन लिए गए। जहां पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि शिव मंडलोई, नपा कर्मचारी रमेश मालवीय, ओंकार लाल मंडलोई, कमल भावसार, राकेश मंडलोई जसवंत दांगी, कमल मंडलोई, अजय दांगी राजेन्द्र खींची, मनोहर दांगी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मंगला गुप्ता एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट विद्यालय में वार्षिकोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

**जीरापुर।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरूस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुरे वर्ष भर विधालय में होने वाली विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया,जिसमे स्काउट एवं गाइड दल, रेडक्रास दल, पुलिस स्टूडेंट्स कैडेट्स, अनुशासन, विज्ञान प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम,पर्यावरण क्विज प्रतियोगिता, शाला में सर्वाधिक उपस्थिति, खेलकूद योग सभी छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया।

छात्रों को संबोधित करते हुए बीआरसी गजेन्द्र शर्मा ने आने वाली वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बारे में बताया। इसके पूर्व विद्यालय में मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर शुरुआत की गई। समीति के अध्यक्ष दिनेश जमींदार ने छात्रों को दिए गए अपने उद्बोधन में अपने जीवन में सफलता हासिल करने के टीप्स से



समझाया एवं कहा कि हम अपनी बुद्धि से उत्कृष्ट , अपनी सूझबूझ से अग्रसर हो सकतें हैं लेकिन संतुष्टि से काम को करें तो हमें कोई हंसी का पात्र नहीं बना सकते हैं ऐसे में छात्रों को आने वाली वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन स्काउटर शिक्षक गोवर्धन लाल वर्मा ने किया। इस दौरान विधार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसमें देशभक्ति गीत, देश प्रेम , शायरी के माध्यम से शहीदों को याद किया तथा बताया कि देश के लिए चाहें हमने मिटना पड़े हम अपने देश पर आंच नहीं आने देंगे।

## विनोद देवी की आंखें सदा के लिए प्रकाशमान

**ब्यावरा।** जिले के तलेन में दूसरा नेत्रदान स्व विनोद देवी अग्रवाल पत्नी घनश्यामदास अग्रवाल के निधनोपरांत नेत्रदान समिति के राजगढ प्रतिनिधि कपिल भटटर ने उनके सुपुत्र अजय अग्रवाल से सम्पर्क कर नेत्रदान समिति जीरापुर की अध्यक्ष पूजा गुप्ता को सूचित किया जिस पर पूजा ने त्वरित कार्यवाही करते हुए भोपाल मेमोरियल अस्पताल से डॉ योग अग्रवाल,डॉ खुशबु एवं महेश तीर्थानि ने पहुंच कर नेत्रदान यथा समय सम्पन्न करवाया । नेत्रदान समिति जीरापुर की अध्यक्ष पूजा गुप्ता ने स्वर्गस्त आत्मा को श्रद्धांजलि देते हुए कहा की नेत्रदानी विनोदी देवी धार्मिक एवं सर्वकल्याण में भरोसा रखने वाली महिला थी उनका नेत्रदान समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता लाएगा.नेत्रज्योति सदा प्रकाशमान रहती है अतः नेत्रदान अवश्य करे।

## खबर संक्षेप

### निजानंद ज्ञानामृत बाल शिक्षा मेला 8 को


**आष्टा।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर में विराजमान वात्सल्य रत्नाकर मुनि श्री विश्वसूर्य सागर महाराज ने द्रव्य संग्रह ग्रंथ पर आशीर्वचन देते हुए पुद्गल और चेतन के भेद को सरल उदाहरणों से स्पष्ट किया। मुनिश्री ने कहा कि जो दिखाई देता है और जो नहीं भी दिखाई देता वह सब पुद्गल है। आत्मा में बंध नहीं होता। कर्म बिना निमित्त के नहीं आते; आत्मा का उपादान जागृत होने पर ही फल मिलता है। मुनिश्री ने माता सीता और लक्ष्मण रेखा का प्रसंग उद्धृत करते हुए बताया कि नियमों के पालन से ही संकट टलते हैं। रावण सीता माता का हरण करने के लिए रूप बदलकर आया था और भिक्षा मांग रहा था। सीता माता ने लक्ष्मण जी की बात को ध्यान में रखते हुए लक्ष्मण रेखा के अंदर से ही भिक्षा देना चाही। लेकिन रावण ने मना किया कि बाहर आकर ही भिक्षा दोगी तो लूंगा नहीं तो मैं जा रहा हूं। सीता माता ने सोचा कि अपने द्वार से कोई साधु बिना भिक्षा लिए जाए उचित नहीं है और जैसे ही उन्होंने लक्ष्मण रेखा पार करी वैसे ही रावण ने अपना रूप धारण कर सीता का हरण करके ले गए। अणुओं के संयोग से पदार्थ बनते हैं। भगवान किसी को सुखी-दुखी नहीं करते। यह अज्ञान है; वे केवल निमित्त हो सकते हैं। इसी क्रम में धर्म नगरी आष्टा में निजानंद ज्ञानामृत बाल शिक्षा मेला का आयोजन 8 फरवरी को श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर में दोपहर 2 बजे से किया जाएगा। मुनि श्री विश्वसूर्य सागर जी महाराज एवं मुनि श्री साध्य सागर जी महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में पाठशाला के बच्चों के लिए विशेष धर्म उपदेश एवं ज्ञानवर्धन हेतु प्रश्न-मंच आयोजित होगा, जिसमें उपहार भी वितरित किए जाएंगे।

### 524 बेघरों को पीएम आवास के लिए पहली किश्त एक लाख की राशि हुई जारी

# परिषद के सहयोग से नगर में चहूंओर विकास कार्य प्रगति पर: रायसिंह मेवाड़ा

परिषद एवं नगरपालिका की टीम की मेहनत से 524 बेघर नागरिकों को अपने सपनों का मिलेगा आशियाना।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



यह नगरपालिका किसी व्यक्ति विशेष की नहीं, आपकी अपनी है। आपके सहयोग से ही हम इस काबिल बने हैं कि आपकी सेवा कर सकें। नपा ने जहां प्राकृतिक धरोहर जैसे नगर का काला तालाब हो या खेड़ापति कमल तालाब दोनों ही धरोहरों को संवारने का काम किया है। खिलड़ियों की सुविधा के लिए खेल मैदान को व्यवस्थित करने व सुविधापूर्ण करने के उद्देश्य से जहां प्रकाश व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही नगर की जीवन दायिनी मां पार्वती नदी के घाटों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है, वहीं संगम मंदिर स्थित घाटों का निर्माण कार्य कार्ययोजना में प्रस्तावित है जो शीघ्र ही धरातल पर उतरेगा।

इस आशय के विचार नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा की अध्यक्षता में नपा के कम्युनिटी हाल में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने व्यक्त किए। अतिथिगण नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, उपाध्यक्ष सिद्दीका भूरू खां, नेताप्रतिपक्ष डॉ. राजकुमार मालवीय, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अंजनी चौरसिया, नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, पार्षदगण डॉ. सलीम खान, कमलेश जैन, नवाब खां, अरशद अली, मेहमूद अंसारी, सुभाष नामदेव, शेख रईस, अतीक कुरैशी, जाहिद गुड्डू, तारा कटारिया, तेजसिंह राठौर, रवि शर्मा, विशाल चौरसिया, तेजपाल मुकाती, व्यापार महासभा अध्यक्ष रूपेश राठौर, स्वच्छता एम्बेसेडर संध्या बजाज का मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति द्वारा पुष्पमाला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित पात्र हितग्राहियों को संबोधित करते हुए कहा कि गठित परिषद के प्रारंभिक कार्यकाल से ही जहां नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा स्वयं पात्र हितग्राहियों को आवास प्राप्त हो इसके लिए प्रयासरत थी, वहीं परिषद के सभी सदस्यगण भी इसके लिए जुटे हुए थे। परिषद एवं नगरपालिका की टीम की मेहनत से आज 524 बेघर नागरिकों को अपने सपनों का आशियाना प्राप्त होगा।

मेवाड़ा ने कहा कि भाजपा नगर सरकार ने हर क्षेत्र में कार्य करके दिखाया है, चाहे वह पेयजल हो, सड़क निर्माण हो, जलस्त्रोतों का संरक्षण हो या फिर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं हो हर सुविधाओं का नागरिकों को लाभ प्रदान करवाने में परिषद हर संभव प्रयास कर रही है। परिषद के सहयोग से आज नगर में चहूंओर विकास कार्य जारी है। जलसंकट जैसी गंभीर समस्या का स्थायी समाधान करने के लिए रामपुरा जलाशय से आष्टा नगर में आने वाली पाईप लाईन का कार्य भी तेजी से जारी है जो शीघ्र ही पूर्ण होगा और आप सभी नगरवासियों को पर्याप्त मात्रा में प्रतिदिन पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लगभग 524 पात्र हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि 1 लाख रूपये सिंगल क्लिक के माध्यम से हितग्राहियों के खातों में अंतरित की गई है। कार्यक्रम को मंचासीन अतिथियों द्वारा भी संबोधित किया गया।

तत्पश्चात 524 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन कुशलपाल लाला ने किया तथा आभार नेताप्रतिपक्ष डॉ. राजकुमार मालवीय एवं पार्षद जाहिद खान गुड्डू द्वारा संयुक्त रूप से व्यक्त किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पात्र हितग्राहीगण, नपा के अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद थे।

## आज वैज्ञानिक कह रहे हैं, वो सालों पूर्व जैन शास्त्रों में लिखा जा चुका था : गोपाल इंजीनियर



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जैन समाज एक वैज्ञानिक समाज है, जो आज वैज्ञानिक कहा रहे हैं, वो बातें वर्षो पूर्व जैन शास्त्रों के माध्यम से भगवान बता गए हैं। विराजित मुनिश्री भगवान के रूप है और हम सब को भगवान स्वरूप मुनिश्री का आशीर्वाद हमेशा मिलता है।

भक्त जब सच्चे मन से भगवान की भक्ति करता है तो निश्चित उसका फल भक्त को किसी ना किसी रूप में मिलता है,भगवान सच्चे भक्तों के साथ हमेशा रहते हैं। उक्त उदगार विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आज ग्राम निपानिया में श्री दिगम्बर जैन समाज द्वारा आयोजित कमलासन श्रीजी विराजमान महोत्सव एवं याग मंडल विधान के शुभारम्भ अवसर पर कहे। विधायक ने मुनि प्रवर सागर को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद लिया। विधायक ने कहा की भगवान हमे दिखते नही है,वे अदृश्य शक्ति के रूप में रहते है लेकिन वे सब देखते है,सुनते है। विधायक उद्बोधन में आचार्य विद्यासागर जी का स्मरण कर उनेह नमन किया। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने निपानिया में बनने वाले संत निवास भवन निर्माण का भूमिपूजन कर 5 लाख की राशि देने की घोषणा की जिसका उपस्तिथ समाज ने स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में उपस्तिथ निपानिया समाज के महेन्द्र, अनिल कुमार, सुरेश कुमार,कोमल चंद्र, सुभाष जैन, आष्टा के सुरेन्द्र जैन, धनरुपमल जैन, कोमल जैन सहित सभी समाज बंधुओं ने विधायक का स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता कैलाश पटेल,पूर्व जनपद अध्यक्ष कांता पटेल,कोठरी मंडल अध्यक्ष देवजी पटेल, राजेन्द्रसिंह ठाकुर सहित अन्य जप्रतिनिधि उपस्तिथ थे।

## कथा में आज किया जाएगा सुदामा चरित्र का वर्णन

**सीहोर।** शहर के वृन्दावन कालोनी में जारी सात दिवसीय भागवत कथा में श्री सांवरिया सेठ एवं चौरासी महादेव की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत कथा के दौरान कथा वाचक पंडित रविन्द्राचार्य ने छठे दिन श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का वर्णन किया। कथा में उधव चरित्र, महारासलीला और रुकमणी विवाह का प्रसंग सुनाया गया। कथावाचक ने बताया कि गोपियों ने श्रीकृष्ण को पाने की इच्छा जताई। श्रीकृष्ण ने इस कामना को पूरा करने के लिए शरद पूर्णिमा की रात यमुना तट पर महारास का आयोजन किया। समिति की अध्यक्ष उषा राज शर्मा ने बताया कि शनिवार को शहर के वृन्दावन कालोनी में जारी सात दिवसीय भागवत कथा में श्री सांवरिया सेठ एवं चौरासी महादेव की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में कथा के अंतिम दिवस कथा वाचक द्वारा सुदामा चरित्र का विस्तार से वर्णन किया जाएगा। समिति ने सभी क्षेत्रवासियों से कथा का श्रवण करने की अपील की।

## उच्च स्तरीय जांच व दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर रहवासियों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




जावर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पर हो रहे घोटाले को लेकर क्षेत्र के नागरिकों ने तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा को ज्ञापन देकर उचित कार्यवाही करने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से जावर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी में चल रहे भ्रष्टाचार की ओर आकर्षित करना चाहते हैं। केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी आयुष्मान भारत योजना का जावर में खुलेआम दुरुपयोग कर सरकारी धन की खुलेआम लूट की जा रही है। उपचार के नाम पर फर्जीवाड़ा कर मरीजों को बिना बताए उनके आयुष्मान कार्ड का उपयोग कर भारी-भरकम राशि निकाली जा रही है। ऐसे अनेक प्रमाण मिले हैं जहाँ मरीज को मात्र 'आई ड्रॉप' जैसी सामान्य दवा दी गई, किंतु उनके कार्ड से 18,000 तक की राशि क्लेम की गई। सरकारी अस्पताल जावर में जो भ्रष्टाचार का आरोप लगा है और भारतीय जनता पार्टी की सरकार गरीबो की सरकार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयुष्मान योजना की शुरुआत की गई थी। पर स्वास्थ्य विभाग जावर के कुछ भ्रष्ट अधिकारी गरीबों के दर्द को पैसे कमाने की मशीन समझ रहे हैं, शासन की योजना को बदनाम कर रहे है अधिकारियों की मन मानी और दुससाहस इतना बढ़ गया की सवाल पूछने पर आम नागरिक को डराने का काम किया जा रहा है। आज हम गरीब की आवाज बन रहे तो हमे भी डराने का काम किया जा रहा है जो व्यक्ति सरकारी अस्पताल में इलाज कराने जाता उसकी मात्र 10 रूपये की पर्ची कटती है। उसके बावजूद उससे आधार कार्ड और आयुष्मान कार्ड मांगा जाता है ताकि उनके खाते से पैसे निकाले जाए। ऐसे भ्रष्ट अधिकारी पर कार्यवाही होना चाहिए। मांग को लेकर समस्त जावर नगर वा क्षेत्र वासी ने मिलकर ज्ञापन सौंपा।

## वन अमले ने कार्रवाई कर अवैध लकड़ी की जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

वन परिक्षेत्र अधिकारी नवनीत झा के मार्गदर्शन में वन विभाग की टीम जंगल से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर गस्त कर रही है। जिसका परिणाम है कि वन विभाग को लगातार सफलता मिल रही है। गुरुवार को छापर बीट गार्ड जितेंद्र सिंह ठाकुर रात्रि गस्त कर रहे थे। तभी उन्हें ग्राम पांगरी जोड़ पर एक मोटरसाइकिल दिखी। जिस पर अवैध सागवान लकड़ी बंदी थी। मोटरसाइकिल का पीछा कर रोकने का प्रयास किया तो चालक अंधेरे का फायदा उठाते हुए गांव की ओर भाग गया।



वनरक्षक जितेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा मोटरसाइकिल व लकड़ी को अपने कब्जे में लेकर अज्ञात के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण दर्ज किया। मोटरसाइकिल व सागवान 20 नग 0. 156 घन मीटर की कुल कीमत 33 112 रुपए आकी गई। दूसरी ओर डिप्टी रेंजर कुमेर सिंह चौहान व वनरक्षक बहादुर सिंह ठाकुर को गुरुवार सूचना मिली कि आमखेड़ी के नाले में लकड़ी रखी हुई है। जिसकी सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर डिप्टी रेंजर व वनरक्षक द्वारा आमखेड़ी के नाले से 25 नग सागवान चटपट 324 घन मीटर जप्त की गई जिसकी कीमत 15500 रुपए की गई। इस कार्रवाई में डिप्टी रेंजर कुमेर सिंह चौहान, वनरक्षक जितेंद्र सिंह ठाकुर, वनरक्षक बहादुर सिंह ठाकुर, स्थाई कर्मी ओमप्रकाश मेवाड़ा, कैलाश वर्मा, सुरक्षा श्रमिक सोहराब खान, हसीन खान, अरुण, सादिक खान का सहयोग रहा।

## सम्मेलन की तैयारियों का अधिकारियों ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी



जिले के अमलाहा स्थित ईकार्डा परिसर में आयोजित होने वाले दलहन राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारियों का प्रमुख सचिव कृषि संजय अग्रवाल, सचिव कृषि अविनाश लवानिया, कलेक्टर बालागुरू के., दीपक कुमार शुक्ला ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उद्घाटन समारोह स्थल, मंच व्यवस्था, अतिथि आगमन एवं स्वागत प्रोटोकॉल, फील्ड विज़िट मार्ग, प्रदर्शनी परिसर, तकनीकी सत्र हेतु ऑडिटोरियम व्यवस्थाएँ, सुरक्षा प्रबंधन, पार्किंग, यातायात नियंत्रण, पेयजल, विद्युत आपूर्ति तथा मीडिया समन्वय जैसी व्यवस्थाओं का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सम्मेलन में देश-प्रदेश से आने वाले मंत्रीगण, वैज्ञानिकों, कृषि विशेषज्ञों एवं किसानों की उपस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए सभी व्यवस्थाएँ उच्च स्तर की एवं समयबद्ध सुनिश्चित की जाएँ। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, संकेतक व्यवस्था एवं आगंतुक सुविधा केंद्र स्थापित करने के भी निर्देश दिए, ताकि सम्मेलन में आने वाले प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान एसडीएम नितिन टाले, इकार्डा के डायरेक्टर डॉ शिवकुमार अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रसेवा आज की सबसे बड़ी आवश्यकता : भीमसेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



शासकीय महाविद्यालय जावर नगर में विश्व आर्द्रभूमि दिवस एवं भारतीय तटरक्षक दिवस 2026 के अवसर पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र कुमार शुक्ल ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य शुक्ल ने कहा कि आर्द्रभूमियां पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ये न केवल जैव विविधता को संरक्षित करती हैं, बल्कि जल संरक्षण और जलवायु संतुलन में भी सहायक होती हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों से प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति सजग रहने तथा राष्ट्रीय दायित्वों को समझने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने भारतीय तटरक्षक बल द्वारा देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा में निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. शर्मिला गांगले ने अपने संबोधन में कहा कि आर्द्रभूमियाँ प्रकृति की अमूल्य धरोहर हैं, जिनका संरक्षण भविष्य की पीढ़ियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण से जुड़े प्रयासों में सक्रिय सहभागिता निभाने तथा दैनिक जीवन में पर्यावरण हितैषी आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के प्रभारी भीमसेन मालवीय, सहायक प्राध्यापक ने विश्व आर्द्रभूमि दिवस एवं भारतीय तटरक्षक दिवस—दोनों विषयों पर ओजस्वी, विचारोत्तेजक एवं प्रेरणादायी व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि "पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रसेवा एक-दूसरे से जुड़े हुए विषय हैं, जिनकी समझ आज के युवाओं के लिए अत्यंत आवश्यक है।उनके विचारों से विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता के साथ-साथ देशसेवा की भावना का संचार हुआ। इस अवसर पर डॉ. विजय कुमार यादव एवं प्रीति कुशवाहा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और पूरे अनुशासन एवं उत्साह के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की।

### खामखेड़ा में एक दिवसीय क्लस्टर स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन

# जनसमुदाय स्तर पर जनजागरुकता बढ़ाना था मुख्य उद्देश्य






हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज

जल जीवन मिशन अंतर्गत आष्टा रानीपुरा परियोजना में मध्य प्रदेश जल निगम परियोजना क्रियान्वयन इकाई सीहोर द्वारा ग्राम पंचायत खामखेड़ा जत्रा में क्लस्टर स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित सीहोर से एएमसीपी नरेंद्र राठौर और आरई रोहित सर, आयोजक संस्था साईराम टेक्नो मैनेजमेंट सॉल्यूशन प्रालि से परियोजना प्रवंधक पायल कावडे, परियोजना समन्वयक अभिषेक परमार, शिवम राठौर, नरेंद्र सोलंकी, जितेंद्र किरोरिया व समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।सरपंच, सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, अन्य पंचायत सदस्य ने कार्यक्रम में सहभागिता की। जल जीवन मिशन के तहत समुदाय स्तर पर जनजागरूकता बढ़ाना, ग्राम कार्य योजना की समझ विकसित करना, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की भूमिका स्पष्ट करना तथा जल संरक्षण एवं जल गुणवत्ता की जानकारी देना। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य था। इस दौरान जल जीवन मिशन का संक्षिप्त परिचय व उद्देश्य समझाना। ग्राम कार्य योजना की प्रक्रिया और उसमें समुदाय की भागीदारी। वीडब्ल्यूएससी की संरचना, भूमिका व जिम्मेदारियां। जैसी कई गतिविधिया आयोजित की गई। प्रतिभागियों ने ग्राम कार्य योजना निर्माण में उत्सुकता दिखाई। जल स्त्रोतों के संरक्षण हेतु समुदाय स्तर पर सहयोग की भावना दिखाई दी। जल गुणवत्ता की जानकारी को लेकर जागरूकता बढ़ी, महिलाओं की भागीदारी संतोषजनक रही।

## शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर की सांचौरा कॉलोनी में स्व. रामचंद्र सोनी की पुण्य स्मृति में आयोजित पंच दिवसीय शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव शुक्रवार को संपन्न हुआ।

दिनेश सोनी व समस्त रहवासी संघ के तत्वावधान में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में यज्ञाचार्य पं. जगदीश प्रसाद पाराशर, कथावाचक धर्मेन्द्र अग्निहोत्री के सानिध्य में प्राण-प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान में आए संतों, विद्वानों एवं आयोजकों का पूर्व नपा अध्यक्ष कैलाश परमार मित्र मंडल ने शॉल-श्रीफल भेंट कर स्वागत किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र परमार, पूर्व पार्षद घनश्याम जांगड़ा और एडवोकेट पल्लव प्रगति उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों ने नवनिर्मित मंदिर में दर्शन कर व्यासपीठ का पूजन किया और संतों से आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ।